मॉडल प्रश्न–पत्र–II

कक्षा – बारहवीं

विषय – भूगोल

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें चार खंड है। खण्ड–अ, ब, स, द। प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है)
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है)
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है)
8. प्रश्न क्रमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए है।

(खण्ड अ)

प्रश्न 1. **सही विकल्प चुनकर लिखिए–** (1 × 5 = 5)

(i) 'Geo' का अर्थ है–

(अ) वर्णन करना (ब) पृथ्वी

(स) मानव (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) आग्नेय शैल का उदाहरण है–

(अ) ग्रेनाइट (ब) बेसाल्ट

(स) गैब्रो (द) संगमरमर

(iii) सूर्यास्त के बाद भी वायुमंडल गर्म होता रहता है–

(अ) सूर्यास्त द्वारा (ब) पार्थिव विकिरण द्वारा

(स) चालन द्वारा (द) संवहन द्वारा

(iv) भारत अग्रणी उत्पादक देश है–

(अ) ताँबे का (ब) चूना पत्थर का

(स) अभ्रक का (द) फास्फेट का

(v) भारत में जनसंख्या वृद्धि का प्रमुख कारण है–

(अ) तीव्र जन्म दर (ब) तीव्र मृत्यु दर

(स) लोगों का आप्रवास (द) ऊँची जन्म दर एवं मृत्यु दर।

(खण्ड ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(i) विघटन एक .... क्रिया है।

(ii) स्थल से घिरे समुद्रों में लवणता .... होती है।

(iii) पौधे खाने वाले जीवों को .... कहा जाताहै।

(iv) मध्य अक्षांशीय घास भूमियों में वार्षिक वर्षण .... होता है।

(v) धनी देशों के उच्च वर्ग में यात्री .... पर्यटकों के रूप में आते हैं।

(खण्ड स)

सत्य/असत्य बताइए– (1 × 5 = 5)

(i) भूगोल ने आज विज्ञान का दर्जा प्राप्त कर लिया है।

(ii) प्राणहीन वस्तु से ऊन बनता है।

(iii) ठण्डी वायु अधिक घनत्व वाली होती है।

(iv) दार्जलिंग पश्चिम बंगाल में स्थित एक हिलस्टेशन है।

(v) प्रवासी लोगों में बहुसंख्यक पुरूष होते हैं।

(खण्ड द)

सही जोड़ी मिलाइए– (1 × 5 = 5)

(i) संसार का सर्वोच्च शिखर	–	झूमिंग
(ii) भारत का सर्वोच्च शिखर	–	सोना
(iii) जैविक संसाधन	–	एवरेस्ट
(iv) अजैविक संसाधन	–	वन
(v) स्थानान्तरी कृषि	–	K_2

प्रश्न 2. पृथ्वी तल क्यों परिवर्तित हो रहा है ? (2)

प्रश्न 3. पृथ्वी के केन्द्र की ओर घनत्व क्यों बढ़ता जाता है ? (2)

प्रश्न 4. लवणता को परिभाषित कीजिए। (2)

प्रश्न 5. सूर्याताप क्या है ? (2)

प्रश्न 6. अम्लीय वर्षा के लिए दो कारक बताइए। (2)

प्रश्न 7. भूस्खलन प्रवण के दो प्रमुख क्षेत्रों के नाम बताइए। (2)

प्रश्न 8. बाढ़ रोकने हेतु कोई दो उपाय लिखिए। (2)

प्रश्न 9. पुनर्चक्रण न हो सकने वाले दो जैविक संसाधनों के नाम बताइए। (2)

प्रश्न 10. भू–सुधार के दो उपाय बताइए। (2)

प्रश्न 11. लाल मृदा में लाल रंग किस कारण होता है ? (2)

प्रश्न 12. भारत के दो प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 13. 2011 की जनगणना अनुसार भारत का जन घनत्व एवं लिंगानुपात कितना है। (2)

प्रश्न 14. पवन का कार्य किनि प्रदेशों में प्रभावी होता है। और क्यों ? (3)

प्रश्न 15. क्षोभमण्डल की तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न 16. शीतऋतु एवं ग्रीष्म ऋतु में अन्तर बताइए। (3)

प्रश्न 17. भारत में बदलती फसल पद्धति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। (3)

प्रश्न 18. पूर्वी तटीय मैदान एवं पश्चिमी तटीय मैदान में तीन अन्तर लिखिए। (3)

प्रश्न 19. पर्यटन का परिवहन से क्या संबंध है उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (3)

प्रश्न 20. मानव के लिए पठार किस प्राकर उपयोगी है। वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

मैदानों का आर्थिक महत्व बताइए।

प्रश्न 21. हरित गृह प्रभाव नियंत्रण एवं उपचारी उपायों को लिखिए। (कोई चार) (4)

अथवा

भू–मण्डलीय तापन के विविध कारकों एवं परिणामों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 22. जल संभर विकास द्वारा कौन–कौन से लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं ? वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

जल संरक्षण क्यों आवश्यक है ? जल संरक्षण के तीन उपायों का विवरण दीजिए।

प्रश्न 23. भारत की जनसंख्या की निम्नलिखित विशेषताओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–
(अ) आयु संरचना, (ब) ग्रामीण नगरीय अनुपात। (4)

अथवा

मानव विकास की आवश्यकता के पक्ष में किन्हीं चार कारकों को सविस्तार समझाइए।

प्रश्न 24. भारतीय कृषि के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। (5)

अथवा

ऊर्जा के गैर परम्परागत साधनों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए– (5)
जास्कर पर्वत श्रेणी, डिगबोई, कृष्णा नदी, लक्षद्वीप, सुन्दर वन।

अथवा

विन्ध्याचल पर्वत, गोदावरी नदी, दिल्ली कोलकाता मार्ग, इन्दिरा प्वाइन्ट, जूट उत्पादक क्षेत्र।

प्रश्न 26. मानव के लिए महासागरों का महत्व विषय पर एक निबंध लिखिए। (6)

अथवा

ज्वार–भाटा क्या है ? यह कैसे उत्पन्न होता है।

प्रश्न 27. जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। (6)

अथवा

जल समीर एवं स्थल समीर का सचित्र वर्णन कीजिए।